10. लोग्रर अन्ना
11. वान
12. ग्ररुणावती
13. तुलतुली

ख—मध्यम स्कीम

1. चन्द्रभागा
2. चुलबन्ध
3. दीना नदी
4. साखली नाला
5. केसर नाला
6. चारगांव
7. ग्रमलनाला
8. कोराडी
9. मास
10. पिम्परी बारावट
11. सोनल
12. वधाडी
13. उमा
14. गोकी
15. जियोगांव टैंक
16. लोग्रर पुस
17. धाम
18. पोधरा
19. शेखाडरी
20. खाकरानाला
21. कोलार
22. चन्दईनाला
23. चैन्नानेडी
24. मकूरढोकरा
25. लेवन शरदनाला
26. ग्रन्तनगांव
27. पेन्धारी नाला
28. उमरजारी
29. करवाप्ण नाला
30. डोंगरगन
31. बोर गांव टेंक
32. शाहनूर
33. मदन टैंक
34. पकडीगुडेन
35. मुन

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के ग्रन्तर्गत उत्तर प्रदेश को वित्तीय ग्रावंटन का प्रावधान

2392. **श्री उमाकांत मिश्र :** क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के ग्रोला-बृष्टि बाढ़ तथा सूखा पड़ने वाले क्षेत्रों तथा प्रधानतः ग्रादिवासी तथा हरिजन ग्राबादी वाले क्षेत्रों में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर क्रियान्वित करने के लिये पर्याप्त वित्तीय प्रावधान किये गये हैं ; ग्रौर

(ख) क्या उत्तर प्रदेश सरकार को मिर्जापुर, इलाहाबाद, वाराणसी तथा बुन्देलखण्ड के ग्रन्य पिछड़े तथा पहाड़ी क्षेत्रों में ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिये शत प्रतिशत सहायता दिये जाने का विचार है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री हरिनाथ मिश्र) : (क) उत्तर प्रदेश सरकार को चालू वित्तीय वर्ष के दौरान राज्य में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिये कुल 9904.79 लाख रुपये की धनराशि उपलब्ध की गई है । जिसमें राज्य का 50 प्रतिशत ग्रंशदान , खाद्यान्नों का मूल्य तथा पिछले

वर्ष के उपयोग में न लाए, बचे संसाधन शामिल हैं। इसके मुकाबले में, 15.2.83 तक राज्य सरकार द्वारा केवल 34.77 करोड़ रूपये व्यय किये जाने की सूचना मिली है।

(ख) जी नहीं।

Production of Vegetable Oils

2393. SHRI INDRAJIT GUPTA:
SHRI AJOY BISWAS:

Will the Minister of FOOD AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) whether the production of Dalda Refined Oil, Margarine and Industrial Hard Oil is allowed by the Government in terms of the Vegetable Oil Products Control Order 1957 and other such orders; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES (SHRI BHAGWAT JHA AZAD): (a) and (b). Production of Refined oils, Margarine and Industrial Hard Oil for soap manufacture can be undertaken by any vanaspati unit licensed| registered under the Industries (Development & Regulation) Act, 1951.

आलुओं का निर्यात बन्द करना

2394. **श्रीमती कृष्णा साही** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आलू के उत्पादन के मामले में विश्व में भारत का छठा स्थान है;

(ख) क्या राष्ट्रीय कृषि आयोग ने अपने प्रतिवेदन में बताया है कि देश में बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में आलू का उत्पादन क्रमश: 20 प्रतिशत, 34 प्रतिशत और 14 प्रतिशत है; और

(ग) क्या यह सच है कि 1976-77 से पहले आलुओं का निर्यात किया जाता था जिसे अब बन्द कर दिया गया है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आरिफ मोहम्मद खान) : (क) जी हां। 1980-81 के दौरान आलू उत्पादन के मामले में भारत का विश्व में छठा स्थान रहा।

(ख) राष्ट्रीय कृषि आयोग की रिपोर्ट में दी गई प्रतिशतता 1971-72 को समाप्त होने वाले त्रैवार्षिक से संबंधित हैं, तथापि 1981-82 के दौरान देश में कुल उत्पादन का 46 प्रतिशत, 20 प्रतिशत तथा 12 प्रतिशत क्रमश: उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा बिहार में हुआ।

(ग) जी नहीं। आलू के निर्यात की अनुमति खुले सामान्य लाइसेन्स-3 के आधार पर दी जातीहै।

दालों के उत्पादन पर रोग का प्रभाव

2395. **श्री जयराम वर्मा** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दालों पर कृषि-संक्रमण का अधिक प्रभाव पड़ता है तथा कृमि लगने पर सारा पौधा ही सूख जाता है और अन्य बीमारियों में अरहर के पौधे पर न तो फूल लग पाते हैं और न ही बीज और क्या यह भी सच है कि उपर्युक्त तथा अन्य कारणों से दालों का उत्पादन आवश्यकता की पूर्ति के लिए भी पर्याप्त नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो स्थिति को सुधारने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं तथा दालों के उत्पादन के मामले में कब तक आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली जायेगी?